वागड़ संदेश
(ई पेपर) में
खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
8890633631, 9309255545, 6351581818
editorwagadsandesh@gmail.com

वागड़ संदेश

Tital Code. : RAJHIN27802

सुविचार
हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-12 सागवाड़ा, सोमवार,6 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

देव सोमनाथ मंदिर में बाबा बर्फानी की झांकी बनाई

गणेशपुर। दोवड़ा पंचायत समिति के देव सोमनाथ गांव में वागड़ के प्रसिद्ध देव सोमनाथ मांदर में बाबा बर्फानी की झांकी बनाई गई। श्रावण माह की समाप्ति पर भगवान शिव के मांदर को बर्फ सजाया गया तथा उसमें अमरनाथ की तरह ही दर्शन करने के लिए गुफा बनाई गई। युवा मंडल द्वारा भगवान शिव की ऐसी प्रतिमा सजाई गई है के दूरदराज से लोग इस के दर्शन के लिए आ रहे है। आकर्षक झांकी का पूरा श्रेय सोमनाथ युवा मंडल को जाता है। सभी दर्शनार्थी बर्फ पर चलकर बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए गए और अंदर गर्भ ग्रह में पूरे वर्ग के बाबा बर्फानी बनाए गए। सोमनाथ युवा मंडल ने लड्डू बाटी प्रसाद का आयोजन किया।

लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर 8 को डूंगरपुर में जुटेंगे किसान, प्रदर्शन कर देंगे ज्ञापन

गलियकोट।

भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय देशव्यापी धरना 8 सितम्बर को डूंगरपुर में होगा। किसानों को लाभकारी मूल्य देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी धरना 8 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। देशभर में भारतीय किसान संघ के आह्वान पर बड़ी संख्या में किसान जुटेंगे और प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे। शहर में जिला कलेक्ट्रेट पर किसानों की ओर से सुबह 11 बजे से धरना आयोजित किया जाएगा। भारतीय किसान संघ की प्रबंध समिति की बैठक 7-8 अगस्त को दिल्ली हरियाणा बॉर्डर पर आयोजित की गई थी। जिसमें भारतीय किसान संघ द्वारा गठित 36 प्रांतों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में तय किया गया था कि सरकार 31 अगस्त तक भारतीय किसान संघ को वार्ता के लिए बुलाए या लाभकारी मूल्य देने संबंधी कोई नीति घोषित करें। जिस पर फिलहाल सरकार की कोई सकारात्मक पहल नहीं दिखाई दी है।

ऐसे में भारतीय किसान संघ 8 सितंबर को आंदोलन करने पर मजबूर है। किसानों को उपज का पूरा मूल्य नहीं मिलने के कारण गरीब किसान कर्जदार होता जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित एमएसपी केवल छलावा साबित हुई है, इसका लाभ केवल कुछ प्रतिशत किसानों को ही मिल पाता है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं, लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य देना होगा। वहीं एक बार घोषित मूल्य के बाद उसके आदानों में होने वाली महंगाई को भुगतान में समायोजित कर वास्तविक मूल्य चुकाना होगा।

शाम 6 बजे बाद सडक़ों पर डर का माहौल, स्कूलों के बाहर शराब के अवैध ठेके

जिला परिषदकी साधारण सभा में हंगामा, जल जीवन मिशन के लिए गांवों के चयन में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप

डूंगरपुर।

जिला परिषद डूंगरपुर की साधारण सभा की बैठक आज जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख सूर्या अहारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा, जिला परिषद सीईओ सहित अन्य अधिकारी व जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। बैठक में बीटीपी और भाजपा के जिला परिषद सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और कामों की धीमी गति को लेकर अधिकारियों को घेरा। बैठक में जिला सदस्यो ने जल जीवन मिशन के लिए गांवों

के चयन में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा की इससे जरूरतमंद की प्राथमिकता तय नहीं होती और अधिकारी मनमर्जी चलाते है। बैठक में जिला परिषद सदस्य रेखा रोत ने कहा कि बारिश का समय गुजर चुका है, फसले बर्बाद हो गई है और एक साल के लिए पेयजल और सिंचाई को लेकर कोई कार्ययोजना तैयार की हो तो सदन में रखे। इस पर कृषि, सिंचाई और पेयजल से जुड़े अधिकारी बगले झांकते दिखे। इधर बैठक में कांकरी डूंगरी कांड में निर्दोष लोगो की गिरफ्तारियां किए जाने को लेकर जिला परिषद सदस्यों व डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक के बीच जमकर बवाल हुआ।

इस बीच विवाद बढ़ता देख सीईओ राजोरिया ने बीच-बचाव किया और कहा कि जो उपद्रव में शामिल थे उन्हें नहीं बख्शा जाएगा और इस तरह शोर मचाने से कुछ नहीं होगा। वही बैठक में सदस्यों ने जिले में शाम 6 बजे बाद सडक़ों पर आतंक होने और स्कूलों के बाहर शराब के अवैध ठेके संचालित होने से आमजन को रही परेशानी को लेकर भी पुलिस को घेरा और पूरे सदन ने उनके सूर में सूर मिलाया। इधर बैठक में मौजूद आसपुर विधायक गोपीचंद ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के चयन और केंद्रों पर पोषाहार पहुंचाने के ठेकेदार की ओर से कालाबाजारी की शिकायत की । इस पर सीईओ ने बीडीओ स्तर पर जांच कराए जाने का आश्वासन दिया। वही बैठक में विभागवार योजनाओ व कार्यो की समीक्षा भी की गई।

गामडा ब्राह्मनिया में जलदाय विभाग की लापरवाही से बस स्टैंड मुख्य सड़क खड्डों में तब्दील

पेयजल की पाइपलाइन कई माह से क्षतिग्रस्त, व्यर्थ बह रहा है पेयजल

सागवाड़ा।

गामडा ब्राह्मनिया से ओबरी मुख्य सड़क पर जगह जगह खड्डे होने के चलते आवागमन बाधित हो रहा है। साथ ही दुपहिया वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गामडा ब्राह्मनिया बस स्टैंड पर जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन पिछले कई महीनो से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके चलते कई महीनो से पानी मुख्य सड़क पर आ रहा है। और पानी के सड़क पर आने से जगह जगह बड़े बड़े खड्डे हो गए है। जिसकी वजह से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।गामड़ा ब्राह्मनिया में जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से पानी व्यर्थ सड़क पर बह रहा है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को अवगत कराने के बाद भी विभाग की आँख नहीं खुली है । जहा एक ओर कमजोर मानसून होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है वही विभाग की अनदेखी के चलते हजारो लीटर पानी व्यर्थ सडको पर बह रहा है।

गामड़ा ब्राह्मणिया में सड़क पर टूटी पाइप लाइन।

जलदाय विभाग की लापरवाही से टूटी सड़क पर गांव के युवाओं ने की मरम्मत

गामड़ा ब्राह्मनिया बस स्टैंड पर जलदाय विभाग की लापरवाही से टूटी मुख्य सड़क को सोमवार को गांव के युवाओ ने मिट्टी और रेत गिट्टी से भर दिया। गामडा गाँव में पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन विगत कई महीनो से टूटी हुई है और पूरा पानी मुख्य सड़क, खेतो में व्यर्थ बह रहा है।

भाजपा झौथरी मंडल के अंतर्गत शक्ति केन्द्रों की बैठक

झौथरी।

भाजपा झौथरी मंडल के अंतर्गत शक्ति केन्द्र करावाडा, गैगाला व झौथरी की बैठक मंडल प्रभारी नगीन जैन, जिला महामंत्री नानूराम परमार एवं भवंरलाल कलासुआ कि अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी नगीन जैन ने केंद्र मे मोदी सरकार के कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने और प्रत्येक बुथ पर जाकर बुथ ईकाई कि कार्यकारणी बनाने के लिए कहा। भाजपा संगठन कि जो रिती नितीं हैं उसमें बुथ लेवल के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के लिए विस्तृत जानकारी दी गई और कहा कि हमारा बुथ का अध्यक्ष सर्वोपरि माना जाएगा।

बैठक मै उपस्थित पदाधिकारी मडंल अध्यक्ष गोविंद अहारी,मडंल महामंत्री मोहन यादव, पोपट पाटीदार, नरेश ननीमा ,खातुरामजी रोत, महावीर ननीमा, सुखलाल पाटीदार, पंकजजी पाटीदार ,शिवलाल डामोर, बंशीलाल पाटीदार, ललित पाटीदार ,राजेंद्र राठौड़ ,हरिश कटारा, रमेश अहारी,/लालजी भाई कटारा एवं सभी बुथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चार दिन बाद कुएं में मिला महिला का शव

पीहर पक्ष ने जताया संदेह,अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे,पति ने गुमशुदगी कराई थी दर्ज

डूंगरपुर।

चार दिन से गुमशुदा विवाहिता का शव सोमवार को कुएं में तैरता मिला। संगीता डोडा मीणा (30) निवासी बोखला 2 सितम्बर को सुबह अपने घर से निकली थी। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं लौटी। महिला का पति मुकेश डोडा मीणा घर पहुंचा तो बेटी ने मां के घर पर वापस नहीं आने की बात बताई। वापस नहीं लौटने पर परिवार ने तलाश की लेकिन पता नहीं लगा। इस पर पति ने बिछीवाड़ा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इधर, पीहर पक्ष ने महिला की मौत पर संदेह जताते हुए मामले में जांच की मांग की। फिलहाल ससुराल और पीहर पक्ष अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे है। दोनों पक्षों में सहमति के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी।पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह गांव के कूएं में कुछ लोगों ने महिला का शव देखा। सूचना पर पति मुकेश और परिवार के लोग भी गए तो महिला की पहचान संगीता के रूप में की। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कूएं से बाहर निकलवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल में रखवाया। घटना की सूचना पर मृतका के पीहर पातापुर से भी परिजन आ गए। पीहर पक्ष ने महिला की मौत पर संदेह जताया है। जिस पर पुलिस पीहर पक्ष से समझाइश कर रही है। फिलहाल दोनों पक्ष मुर्दाघर के बाहर बैठे हुए है और उनके बीच बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों में सहमति के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी।

ग्राम पंचायत खेडा कच्छवासा मे हुआ 100 फीसदी टीकाकरण

डूंगरपुर। जिले मे कोविड-19 टीकाकरण क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे है, जिससे के डूंगरपुर वासियों का ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन किया जा सके और सम्भावित तीसरी लहर के खतरे से जनमानस को बचाया जा सके। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग, एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन, जनप्रतिनिधि व सभी के आपसी प्रयासों के कारण ही 8 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण का लक्ष्य जिले मे अब तक अर्जित किया जा चुका हैं। डॉ शर्मा ने खण्ड डूंगरपुर की ग्राम पंचायत खेडा कच्छवासा के नागरिकों का शत -प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी।चिकित्सा अधिकारी प्रभारी खेडा कच्छवासा डॉ राहुल जैन ने बताया कि कोविड टीकाकरण के दौरान जब कभी भी आमजन को टीकाकरण के लिए समझाइश की आवश्यकता हुई ऐसे में गांव के वर्चस्व व्यक्ति व सरपंच महोदया द्वारा टीम को पूर्ण सहयोग दिया।

सखी वन स्टॉप सेन्टर का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

डूंगरपुर। वन स्टॉप सेन्टर डूंगरपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन व सेन्टर का निरीक्षण किया गया। केन्द्र प्रभारी दीपिका पुरी ने बताया कि सचिव अमित सहलोत द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकारों, महिला जागरूकता एवं लोक अदालत संबंधित जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि संरक्षण अधिकारी मोतीलाल मीणा द्वारा माह सितम्बर को सांस्कृतिक अधिकारों के जागरूकता के रूप में मनाये जाने संबंधी जानकारी दी गई।

नवंबर माह में वृद्धजन नि:शुल्क तीर्थ यात्रा और महारुद्र व सामूहिक उपनयन संस्कार पर चर्चा

श्री त्रिमेस वागड़ चोखला की त्रैमासिक बैठक संपन्न

डूंगरपुर।

श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज वागड़ चोखला 17 गांवो के चयनित प्रतिनिधियों की त्रैमासिक बैठक मोटी बस्सी में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्षता बंसी लाल जोशी ने की।

मुख्य अतिथि श्री त्रिमेस अध्यक्ष भूपेंद्र पंड्या एवं कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद जी जोशीरहे। विशिष्ट अतिथि महामंत्री सुधीर भट्ट, दीनबंधु भट्ट, कोषाध्यक्ष विद्या शंकर शुक्ला, साकल चंद उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुरेश व्यास, संगठन मंत्री सुरेश जोशी, कल्पेश उपाध्याय, सचिव रविंद्र उपाध्याय एवं रोहित पंड्या ने अतिथियों का स्वागत किया। ओंकार ध्वनि एवं प्रार्थना से बैठक का शुभारंभ किया गया। वक्ताओं में सर्वप्रथम कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद जोशी ने नई पीढ़ी में संस्कारों के संवर्धन एवं समाज में व्याप्त कुछ कुरितियों पर नियंत्रण करने की बात कही। महामंत्री सुधीर एवं दीनबंधु ने त्रिमेस भवन को नया स्वरूप देने की बात कहीइस कोषाध्यक्ष विद्या शंकर शुक्ला ने समाज के कोष को मजबूत करने के उपाय सुझाए। मंचासीन अतिथियों में सुरेश व्यास, सुरेश जोशी कल्पेश उपाध्याय ने भी समाज सुधार संबंधी अपने अपने विचार व्यक्त किए। धार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी श्री मनोज भट्ट, सर्व समाज समन्वयक महेश भट्ट, युवा प्रकोष्ठ के सुशील जोशी, पर्यावरण प्रभारी अशोक जोशी, खेल प्रकोष्ठ के जगदीश जोशी ने अपने-अपने प्रकोष्ठ की कार्य योजना विस्तार से बताई इस तत्पश्चात श्री त्रिमेस वागड़ चोखला 17 गांवो के इकाई अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहां कि जब तक इकाई स्तर पर प्रभावी ढंग से सुधार नहीं होंगे तब तक चोखला मजबूत नहीं होगा।

श्री त्रिमेस वागड़ चौखला की बैठक में मौजूद समाजबंधु।

श्री त्रिमेस भवन गढी को नया स्वरूप देने हेतु भामाशाह से आह्वान किया कि आगे आवे और अधिक से अधिक सहयोग करें। साथ ही कहां की पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष समाज द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। नवंबर 2021 में वृद्धजन निशुल्क तीर्थ यात्रा एवं श्रेष्ठ मुहूर्त में महारुद्र एवं सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। प्रतिमाह गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में 9 दिवसीय निशुल्क आवासीय शरीर शुद्धि शिविर की विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित समाज जनों से कहा कि प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट गायत्री मंत्र का जाप अवश्य करें।

बैठक में उपस्थित समस्त समाज जनों ने हाल ही में भीलूड़ा के शिशक सुभाष भट्ट एवं उनके परिवार पर हुए हमले की एक स्वर में निंदा की एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए ज्ञापन देने की बात कही। बैठक में भीगीलाल जोशी, अनिल पण्ड्या, दिनेश जोशी, जगदीश, पण्ड्या, निलेश जोशी, केशलाल उपाध्याय, गिरजाशंकर जोशी मौजूद थे। संचालन सचिव रविंद्र उपाध्याय एवं हेमंत उपाध्याय ने किया एवं नवनीत उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया।

जयपुर और भरतपुर में भाजपा के जिला प्रमुख

जयपुर।

जयपुर में कांग्रेस के टिकट पर जिला परिषद सदस्य का चुनाव जीत चुकीं रमा देवी चोपड़ा को सोमवार सुबह बीजेपी में शामिल किया, और शाम होते-होते उसे जिला प्रमुख का चुनाव जितवा दिया। जयपुर में बहुमत होते हुए भी कांग्रेस जिला प्रमुख की सीट गंवा बैठी। भरतपुर से पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के बेटे जगत सिंह बीजेपी के टिकट पर जिला प्रमुख का चुनाव जीत गए।

जगत सिंह को 28 वोट मिले, जबकि बीजेपी के 17 सदस्य ही जीते थे। इस तरह जगत सिंह ने कांग्रेस और निर्दलीयों को मिलाकर 11 वोटों का इजाफा करके चुनाव जीत लिया। जगत सिंह 14 अगस्त को ही फिर से बीजेपी में शामिल हुए थे।

पूजा व भक्ति के संस्कार बचपन से मिलें

सागवाड़ा। प्रभुदास धाम रामद्वारा में सोमवार को भक्तमाल कथा के दौरान शास्त्री रामनिवास महाराज ने मीरा के चरित्र का श्रवणपान कराते हुए कहा कि मीरा ने कलयुग में परिवार के विरोध के बावजूद भक्ति भजन नहीं छोड़ा। भगवान ने उनकी समय- समय पर रक्षा की। उन्होंने कहा कि पूजा करने की कोई उम्र नहीं होती, जीवन का पता नहीं , कब क्या हो जाए इसलिए बचपन से ही पूजा व भक्ति में मन लगाना चाहिए। काल करे सो आज कर, आज करे सो अब कहावत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कल पर कुछ नहीं छोडना चाहिए, भजन का संस्कार बचपन से ही होना चाहिए, बुढापे में न तो भजन होता है न ही दानपुण्य। 'मेरे तो गिरधर गोपाल दुसरो न कोय' भजन पर श्रोता मीरा और कृष्ण की भक्ति में मग्न हो उठे। प्रसाद का लाभ नंदिनी प्रियेश भावसार ने लिया। इस दौरान ललित भावसार,अशोक, मुरलीधर, जितेंद्र सुथार, दामोदर शर्मा, अतुल भावसार, मौजूद थे।

दिगम्बर जैन समाज के पर्यूषण महापर्व 10 से प्रारंभ

सागवाड़ा।

दिगंबर जैन समाज के तप, त्याग संयम एवं साधना से परिपूर्ण 10 दिवसीय दस लक्षण पर्यूषण महापर्व शुक्रवार भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से प्रारंभ होंगे। जैन समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया विरल सागवाडा ने बताया कि मूलत: भाद्रपद शुक्ल पंचमी से भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी तक चलने वाले 10 दिवसीय यह पर्व इस बार त्रयोदशी तिथि के क्षय हो जाने से पर्व के दस दिन पूर्ण करने हेतु भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी 10 सितम्बर से प्रारंभ हो रहा है।

पर्व के तहत 10 सितम्बर को उत्तम क्षमा धर्म,11को उत्तम मार्दव,12 को उत्तम आर्जव,13 को उत्तम शौच धर्म,14 को उत्तम सत्य धर्म 15 को उत्तम संयम धर्म 16 को उत्तम तप धर्म एवम सुगंध दशमी पर्व

,17 को उत्तम त्याग धर्म, 18 को उत्तम आकिंचन्य धर्म एवम 19 को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म ,अनन्त चतुर्दशी पर्व एवम बारहवे तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व मनाने के साथ 10दिवसीय पर्व का समापन होगा।

प्रतिष्ठाचार्य पगारिया ने बताया कि पर्यूषण पर्व के तहत समूचे वागड़ क्षेत्र के जैन मंदिरों में दिगम्बर जैन श्रद्धालुओं द्वारा प्रात: जिनेंद्र भगवान का अभिषेक एवम शांति धारा की जाएगी साथ ही सोलहकारण पूजा, दशलक्षण पर्व पूजा, पंचमेरु पूजा ,रत्न त्रय पूजा की जाएगी। व्रत उपवास आदि भी किए जाएंगे साथ ही सागवाडा नगर के दिगंबर जैन बोर्डिंग परिसर में प्रखर वक्ता आचार्य अनुभव सागर जी महाराज के प्रतिदिन 10 धर्म पर विशेष प्रवचन होंगे पर्व को लेकर सागवाड़ा के जैन मंदिरों में सजावट की जा रही है।

घुवेड में शिक्षाविद व शिक्षकों का सम्मान

सीमलवाड़ा। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत घुवेड में शिक्षाविद व शिक्षको का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच मुकेश खांट, अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देवचंद यादव, विशिष्ठ अतिथि मदन सिंह, प्रकाश मीना,भगवत सिंह झाला व कार्यवाहक संस्थाप्रधान प्रवीण पाटीदार रहे । मुख्यअतिथि सरपंच मुकेश खांट ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, बालक की प्रतिभा को पहचान कर सर्वांगीण विकास कर व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान देता है। शिक्षाविद देवचंद यादव ने अपने उद्बोधन कहा कि शिक्षक एक सड़क की तरह होता है जो कि बालक को मंजिल तक पहुचाने का कार्य करता है। संस्था प्रधान प्रवीण पाटीदार ने ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान के लिए सरपंच, वार्ड पंच व ग्रामवासियो का आभार जताते हुए कहा कि सम्मान से शिक्षको में कार्य क्षमता में अभिवृद्धि होती है।